दिन–सोमवार दिनांक– 15 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी आज गया जिले के खिजरसराय में एक सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखेंगे।

02. प्रदेश में मत्स्य व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आज पटना के मीठापुर में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ और भोजपुर के वाणासुर में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का होगा शिलान्यास।

03. प्रदेश के भूमिहीन परिवारों को वास भूमि का अधिकार और बंदोबस्ती प्रमाण पत्र जारी करने लिए आज से बसेरा अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत।

04. और, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए नीट–यूजी पुनःपरीक्षा के प्रवेश–पत्र जारी किए।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

गया जिले के खिजरसराय में आज प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी संयुक्त रूप से इस केंद्र का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार भी मौजूद रहेंगे। यह प्रौद्योगिकी केंद्र दक्षिण बिहार और मगध क्षेत्र के एमएसएमई परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका का निर्वाह करेगा। और ब्योरा हमारे संवाददाता से...

––रिपोर्ट––

एक सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रौद्योगिकी केंद्र से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। बीस एकड़ भूमि पर विकसित होने वाले इस केंद्र में उत्पादन ब्लॉक, प्रशिक्षण ब्लॉक, प्रशासनिक ब्लॉक समेत कई खंड बनाए जायेंगे। यह केंद्र गयाजी, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, जहानाबाद और मुंगेर जिलों में एमएसएमई के लिए कार्य करेगा। यह केंद्र सामान्य और भारी अभियांत्रिकी तथा वस्त्र परीक्षण के प्रमुख क्षेत्रों की जरूरत को पूरा करेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज प्रदेश में मत्स्य व्यापार को बढ़ावा देने से जुड़ी दो महत्वकांक्षी योजनाओं की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री पटना के मीठापुर स्थित मत्स्य

विकास भवन में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड–एनएफडीबी के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यालय से प्रदेश में मत्स्य उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में रफ्तार मिलेगी। वहीं, मुख्यमंत्री आज ही भोजपुर जिले के वाणासुर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का शिलान्यास करेंगे। इस पार्क में प्रदेश की नवीनतम मत्स्य पालन तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही मत्स्य उत्पाद और उत्पादकता में गुणात्मक बढ़ोतरी और स्थानीय स्तर पर रोजागर के सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग के मंत्री ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव तथा डेयरी मत्स्य और पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

—————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ढाई लाख घरों की छत पर बीस नवम्बर तक सोलर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। पटना में एक कार्यक्रम में श्री चौधरी ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के घर के छत पर लगे सोलर पैनल से एक सौ पच्चीस यूनीट से ज्यादा बिजली का उत्पादन होगा, राज्य सरकार उनसे बिजली खरीद कर उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाएगी।

—————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग आज से अभियान बसेरा के दूसरे चरण की शुरूआत करेगा। इक्कीस जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के भूमिहीन परिवारों तक वास भूमि का अधिकार पहुंचाना और भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र निर्गत करना है। इसके तहत सुयोग्य श्रेणी के उन वंचित सर्वेक्षित परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र दिये जायेंगे, जिन्हें अभी तक यह प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही सरकारी भूमि जैस– गैरमजरूआ खास और आम भूमि पर बसे पात्र परिवारों की जांच कर उन्हें भी योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

—————————————————————

राज्य सरकार ने भूमि विवादों के तेजी से निष्पादन के लिए बिहार भूमि न्यायाधीकरण में सदस्यों की संख्या बढ़ाकर सात कर दी है। राजस्व और भूमि सुधार

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायाधीकरण में पांच नये सदस्यों की नियुक्ति की गयी है।

———————————————————————

प्रदेश में पर्यटन के प्रसार के लिये विभिन्न पर्यटक स्थलों तक हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज की सुविधा शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में इस संबंध में दिशा निर्देश दिये। इसके तहत मां मुंडेश्वरी, करकटगढ जलप्रपात और राजगीर के पर्यटन स्थलों के लिये अनुदानित दर में हवाई सेवाएं शुरू की जायेंगी। साथ ही वाल्मिकी नगर के लिये प्रत्येक शनिवार और रविवार को पर्यटकों के लिये वायु सेवा भी जल्द शुरू होगी।

———————————————————————

प्रदेश के सभी प्रखंडों में कल से तीन दिनों तक प्रखंड सहयोग सह–जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन भी लिए जायेंगे। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजा है। इस शिविर में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजना समेत केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं के लिए अलग–अलग काउंटर बनाए जायेंगे। आम लोगों की मदद के लिए नोडल अधिकारी के साथ कर्मचारी और स्वयं सेवक भी तैनात रहेंगे। मुख्य सचिव के अनुसार पंचायत और नगर निकाय स्तर पर होने वाले सहयोग शिविर नियमित रूप से जारी रहेंगे।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए नीट–यूजी पुनःपरीक्षा के प्रवेश–पत्र जारी कर दिए हैं। प्रवेश पत्र एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। यह परीक्षा इक्कीस जून को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर पंद्रह मिनट तक होगी। इस बीच, एनटीए ने विद्यार्थियों को, प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पहले, रिफंड के लिये अपने बैंक खाते का विवरण सत्यापित कर लेने का परामर्श दिया है। प्रवेश पत्र और सूचना बुलेटिन में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ने की भी सलाह दी गई है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर पुलिस ने नीट–यूजी समेत विभिन्न परीक्षाओं के फर्जी प्रश्न पत्र बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से तीन मोबाईल फोन भी जब्त किये गये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विभिन्न परीक्षाओं में फर्जी प्रश्न पत्र बेचने वाले गिरोह के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि यह गिरोह सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों से प्रश्न पत्र के नाम पर ठगी भी करता है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले बारह वर्ष में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत से देश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर बारह साल – विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के शीर्षक से विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम, वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य पूरा करने के उद्देश्य से आधुनिक आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए सरकार के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। एक रिपोर्ट——

——रिपोर्ट——

————————————————————————

प्रदेश में मानसून अभी मुजफ्फरपुर के आस–पास रूका हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में इसके पूरे प्रदेश में सक्रिय होने की संभावना है। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चपांरण, बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय और नवादा समेत आस–पास के जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात के साथ चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सासाराम में सबसे अधिक छिहत्तर दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, किशनगंज के गलगलिया में पचहत्तर दशमलव आठ और रोहतास के डेहरी में सड़सठ दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

————————————————————————

प्रदेश की सभी नदियों से बालू खनन पर आज से रोक लगा दी गयी है। यह रोक पंद्रह अक्टूबर तक जारी रहेगी। खान एवं भूत्तव विभाग के निदेशक मनेश कुमार मीणा ने बताया कि मानसून के चलते सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने और थाना स्तर पर इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने बताया कि बंदी की अवधि में बालू की मांग को पूरा करने के लिए करीब तीस लाख सीएफटी बालू का भंडारण किया गया है।

———————————————————————

लोकभवन ने प्रदेश में नवसृजित दो सौ ग्यारह नये डिग्री कॉलेजों में पदस्थापित प्राचार्य और बर्सर के तबादले पर रोक लगा दी है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को भेजे पत्र में अगले आदेश तक स्थानांतरण पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से नवसृजित महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है। ऐसी स्थिति में स्थानांतरण के किसी भी आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

———————————————————————

आज विश्व वायु दिवस मनाया जा रहा है। पवन ऊर्जा को बढावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में इसकी भूमिका रेखांकित करने के लिये हर वर्ष पंद्रह जून को यह दिवस मनाया जाता है। भारत आज गोवा में विश्व वायु दिवस, दो हजार छब्बीस सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस वर्ष की थीम है– पवन ऊर्जा, महत्वाकांक्षा से गतिशीलता की ओर।

———————————————————————

आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप में, बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए ग्रुप–एक के मैच में भारत ने पाकिस्तान को चौंसठ रनों से हरा दिया। भारतीय टीम ने एक सौ इकहत्तर रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम सत्रह ओवर में एक सौ छह रनों पर ऑल आउट हो गई। पांच विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मद्य निषेध सिपाही भर्ती अभ्यर्थियों के उपद्रव पर लिखा है – पाटलिपुत्र जंक्शन पर परीक्षार्थियों का बवाल, पांच सौ अज्ञात पर केस दर्ज। छह को हिरासत में लिया।

इसी खबर को तरजीह देते हुए आज अखबार लिखता है – पटना के पांच सौ चौवन केंद्रों पर ली गयी सिपाही भर्ती परीक्षा, सात अभ्यर्थी गिरफ्तार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – बदलेंगे भवन निर्माण के नियम, चौबीस मीटर तक बिल्डिंग को सेल्फ–सर्टिफिकेशन से मंजूरी।

दैनिक भास्कर लिखता है – पीके शाही का महाधिवक्ता पद से इस्तीफा।

प्रभात खबर ने टी–ट्वेंटी महिला विश्वकप से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – दीप्ति के पंजे के आगे पाकिस्तान का सरेंडर।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है – एक हजार पांच सौ बारह करोड़ की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी आज गया जिले के खिजरसराय में एक सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखेंगे।

02. प्रदेश में मत्स्य व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आज पटना के मीठापुर में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ और भोजपुर के वाणासुर में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का होगा शिलान्यास।

03. प्रदेश के भूमिहीन परिवारों को वास भूमि का अधिकार और बंदोबस्ती प्रमाण पत्र जारी करने लिए आज से बसेरा अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत।

04. और, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए नीट–यूजी पुनःपरीक्षा के प्रवेश–पत्र जारी किए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।